TWT
Truth will Triumph

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1
(पंजीयन-633/2003)

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
(बी. एन. प्रसाद)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या 72 दिनांक 20-11-03

सेवामें,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय- श्री राम निवास पाण्डेय, सहायक निदेशक, कृषि गणना {मुख्यालय} राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के अभ्यावेदन का प्रेषण

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि श्री राम निवास पाण्डेय, बि.प्र.से., सहायक निदेशक, कृषि गणना {मुख्यालय} राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना ने अपने अभ्यावेदन में अपनी वरीयता के अनुसार पदस्थापन एवं वेतन भुगतान के सम्बन्ध में जिक्र किया है । उनके अभ्यावेदन, जो आपको सम्बोधित है तथा जिसकी प्रतिलिपि संघ को भी दी गई है, की छाया प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि उनके वेतन भुगतान एवं उनकी वरीयता के अनुसार पदस्थापन के सम्बन्ध में समुचित कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

विश्वास भाजन,
(हस्ताक्षर) 20/11/03
{बिपिन कुमार सिन्हा}
महासचिव ।

नहीं है, सभी पद... पेज-2- पर

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय:- भूमि सुधार उप समाहर्ता/समकक्ष पद पर पदस्थापन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सादर अनुरोध के साथ कहना है कि मैं 31 वीं0 बैच का उप समाहर्ता हूँ, मेरा सिविल लिस्ट कोटि क्रमांक-2363/91 या 1348/99 है । राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना के अधिसूचना संख्या- 783 दिनांक 30-6-03 द्वारा मेरा पदस्थापन सहायक निदेशक, कृषि गणना राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना के पद पर किया गया है, जबकि मेरे बैच के ही अन्य पदाधिकारी को जिनका कैडर सिविल लिस्ट में कोटि क्रमांक- मुझसे नीचे है, को भूमि सुधार उप-समाहर्ता, के पद पर पदस्थापित किया गया है। उदाहरण स्वरूप कोटि क्रमांक- 1377/99 श्री कुबेर चन्द्र सिंह को उप-समाहर्ता ,भूमि सुधार पीरो॥ भोजपुर के पद पर, कोटि क्रमांक- 1379/99 श्री हरिहर प्रसाद को उप-समाहर्ता भूमि सुधार जमुई के पद पर, कोटि क्रमांक-1385/99 श्री जियाउद्दीन अहमद को उप-समाहर्ता, मुजफ्फरपुर के पद पर, कोटि क्रमांक- 1396/99 श्री अनिरूद्ध कुमार को उप-समाहर्ता भूमि सुधार सासाराम ॥ रोहतास॥ के पद पर पदस्थापित किया गया है । इसके अलावे भी मेरे बैच के अन्य पदाधिकारी को जो मुझसे वरीयता सूची में नीचे क्रमांक वाले पदाधिकारी हैं, को पिछले चार-पाँच वर्षों से उप-समाहर्ता भूमि सुधार के पद पर बिहार/झारखण्ड में पदस्थापित किया जाता रहा है । मेरे बैच के उपरोक्त पदाधिकारी कोटि क्रमांक में क्रमशः 29, 31, 37, तथा 48 क्रमांक नीचे के है ।

उल्लेखनीय है कि 31 वीं बैच के बिहार प्रशासनिक सेवा के उप-समाहर्ता को अभी तक नियमित रूप से कनीय प्रवर कोटि प्राप्त

-लिस्ट की छाया प्रति अवलोकनार्थ संलग्न ।

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार पटना के अधिसूचना संख्या- 12686 दिनांक 2-12-98 द्वारा मुझे भी औपबंधिक रूप से कालबद्ध प्रोन्नति प्राप्त है जो क्रमांक-2 पर अंकित है। मैं महालेखाकार बिहार पटना द्वारा निर्गत वेतन पुर्जा के आधार पर वर्ष- 2100 से वेतन प्राप्त कर रहा हूँ। अधिसूचना एवं वेतन पर्ची की छाया प्रति अवलोकनार्थ संलग्न ।

अंतिम रूप से कैडर विभाजन बिहार राज्य आवंटन के पश्चात मेरे द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना में योगदान दिया गया था। मुझे कनीय पद पर पदस्थापित किया गया है। वर्तमान पदस्थापित पद पर मुझे नियमित रूप से वेतन भी नहीं मिल रहा है। पदस्थापन केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत अस्थायी पद पर हुआ है।

अत: अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उप-समाहर्ता भूमि सुधार अथवा समकक्ष पद पर पदस्थापित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

अनु0 :- यथोक्त ।

ह0 -

सहायक निदेशक,
कृषि गणना, (मु0) राजस्व एवं
भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना

प्रतिलिपि :- महासचिव, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सादर समर्पित। अनुरोध है कि अपने स्तर से भी उपरोक्त तथ्यों पर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

(हस्ताक्षर)
राम निवास पाण्डेय
10.11.03
सहायक निदेशक, कृषि
गणना (मु0) राजस्व एवं ...